बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

सेवानिवृत राजपत्रित पदाधिकारियों की सेवा जन शिकायत पदाधिकारी के संविदात्मक पद पर नियोजन किये जाने से संबंधित आवश्यक सूचना।

जन शिकायतों के निपटारे, अनुश्रवण आदि के उद्देश्य से जन शिकायत पदाधिकारी के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु सेवानिवृत राजपत्रित पदाधिकारियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

जन शिकायत पदाधिकारी हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा के (विशेष सचिव स्तर/अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर से सेवानिवृत्त)/भारतीय पुलिस सेवा के (विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर के समकक्ष स्तर से सेवानिवृत)/बिहार प्रशासनिक सेवा/बिहार पुलिस सेवा/बिहार वित्त सेवा/बिहार अभियंत्रण सेवा/बिहार स्वास्थ्य सेवा से सेवानिवृत हुये पदाधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत जानकारी बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-*http://bpsm.bihar.gov.in*** पर देखी जा सकती है।

आवेदन दिनांक–21.12.2021 से बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-*http://bpsm.bihar.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा। आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक–05.01.2022 को 23:59 बजे तक निर्धारित है।

मिशन निदेशक
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

सेवानिवृत राजपत्रित पदाधिकारियों की सेवा जन शिकायत पदाधिकारी के संविदात्मक पद पर नियोजन किये जाने से संबंधित आवश्यक सूचना।

जन शिकायतों के निपटारे, अनुश्रवण आदि के उद्देश्य से जन शिकायत पदाधिकारी के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु सेवानिवृत राजपत्रित पदाधिकारियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

इसकी विवरणी निम्नवत है:–

1.

क्रं सं	पदनाम	संख्या
1	जन शिकायत पदाधिकारी	10

2. **जन शिकायत पदाधिकारी के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु निम्नांकित सेवाओं से सेवानिवृत हुये पदाधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है** :–

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा (विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर से सेवानिवृत)

(ख) भारतीय पुलिस सेवा (विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर के समकक्ष स्तर से सेवा निवृत)

(ग) बिहार प्रशासनिक सेवा

(घ) बिहार पुलिस सेवा

(च) बिहार वित्त सेवा

(छ) बिहार अभियंत्रण सेवा

(ज) बिहार स्वास्थ्य सेवा

3. **इन सेवानिवृत पदाधिकारियों को निम्न शर्त्तों** के **अधीन चयन किया जायेगा** :–

(क) सेवानिवृत पदाधिकारियों की अधिकतम आयु सीमा (01.01.2022 को) 64 वर्ष होगी।

(ख) यह संविदा चयन प्रथम चरण में एक वर्ष के लिये होगा, जिसे आवश्यकतानुसार एवं कार्य को देखते हुये अवधि का नियमानुसार विस्तार किया जायेगा।

(ग) इन सेवानिवृत पदाधिकारियों को सेवानिवृति के समय दिये जाने वाले वेतन में से पेंशन की राशि घटाकर मासिक मानदेय की भुगतान की जायेगी।

4. **चयन करते समय यदि अधिक संख्या में आवेदन आते हैं तो निम्नानुसार प्राथमिकता दी जायेगी** :–

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा

(ख) भारतीय पुलिस सेवा

(ग) बिहार प्रशासनिक सेवा

(घ) बिहार पुलिस सेवा

(च) अपेक्षाकृत कम उम्र वाले पदाधिकारियों

5. आवेदक को आवेदन के साथ हीं एक शपथ पत्र देना होगा, जिसमें उन्हें अंकित करना होगा कि उनके विरूद्ध कोई निगरानी/आपराधिक मामला दर्ज नहीं है तथा विभाग के द्वारा कोई विभागीय कार्रवाई नहीं चल रही है।

6. नियोजन में बिहार सरकार द्वारा अनुमान्य एवं नियत आरक्षण के सभी प्रावधान लागू होंगे।

7. **आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः–**

आवेदन मिशन के वेबसाईट ***http://bpsm.bihar.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा, जिसे ***Online*** भरा जाएगा। आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना अद्यतन फोटो एवं वांछित कागजात अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र में वर्णित सभी कागजातों/दस्तावेजों की मूल प्रति काउन्सेलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा।

8. ***Online*** **आवेदन भरने की प्रक्रिया दिनांक–21.12.2021 से प्रारम्भ होगी एवं इसकी अंतिम तिथि–05.01.2022 के 23:59 बजे तक निर्धारित है।**

9. सेवानिवृत पदाधिकारी अधिकतम एक ही आवेदन दे सकते हैं। एक से अधिक आवेदन देने पर उनके दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

10. बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द कर दे।

मिशन निदेशक
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)